REPORT ON

# Guest Lecture

# on

# Swayam Portal and Registration there on.

Date : …23/07/2023…..

Name of Guest Lecture : **Sri Sandep Kumar**
**ICT Director, Eklavya, Darbhanga, Bihar**

**Summary of Event**

- He had delivered a delivered a PowerPoint presentation on Swayam Portal. The students participated with enthusiasm and registration on portal near about completion.

**<u>He has covered the following aspects</u>**-

- What is Swayam
- Different courses and lectures on Swayam
- Registration on Swayam
- Selection of Course (Online)
- Joining of Course as per their choice





# नए शिक्षकों को मिला नियु

ौर पटना में जिले के 1500 नए शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र, दिखा उत्साह

स्थित डीआरसीसी में अधिकारियों और विधायकों ने बांटे नए शिक्षकों को नियुक्ति पत्र



**कार्यशाला** | वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की ओर से नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ... कॉलेज के ... आयोजि...

# नैक से नहीं जुड़ने पर कॉलेज की मान्यता होगी समाप्त

- नैक नहीं कराने वाले कॉलेजों को सरकार की ओर से कोई ग्रांट नहीं मिलेगा
- बोले, कॉलेज को नैक की मान्यता दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा

आरा, निज प्रतिनिधि। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की ओर से नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अल हफीज कॉलेज के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ कुमार मृत्युंजय राकेश ने कहा कि प्रत्येक कॉलेज को नैक से मान्यता लेना आवश्यक है। नैक नहीं कराने वाले कॉलेज की मान्यता समाप्त हो जायेगी। उन्हें सरकार की ओर से कोई ग्रांट भी नहीं मिलेगा। कहा कि नैक मूल्यांकन के बाद कॉलेज में कई बदलाव आते हैं। विशिष्ट अतिथि पटना विवि के प्रो रमाकांत पाण्डेय ने कहा कि कोई भी नया कोर्स की मान्यता लेने के लिए कॉलेज को नैक से मान्यता कराना आवश्यक है।

उन्होंने नैक के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अल हफीज कॉलेज के सचिव शाहिद अलीम ने कहा है कि कॉलेज नैक की तैयारी में जुटा है। कॉलेज को नैक की मान्यता दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। आगत अतिथियों का स्वागत प्रभारी प्राचार्य डॉ इरशाद हुसैन, मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ राजेश वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के सचिव शाहिद अलीम ने किया। कार्यक्रम में एजाज हुसैन, एनके हफिजी, डॉ सैफउल्लाह फहीम, डॉ अबू अजहर, भीम भार्गव, डॉ नाहीद फातमा, डॉ अनीता सिन्हा, डॉ किरण कुमारी, शाकिला नाज अहमद, जसीम, डॉ वीरेंद्र नाथ ओझा, भोला जी, नेहाल अख्तर, आरती कुमारी आदि उपस्थित थीं।




अल हफीज कॉलेज के सभागार में नैक को ले गुरुवार को आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। • हिन्दुस्तान


सरकारी स्कूल | राज्यभर के दो करोड़ बच्चों के बीच होगी प्रतियोगिता, एक से 12वीं तक के छात्र ले सकते हैं हिस्सा, गर्मी छुट्टी में पाठ सुधारने को अभ्यास करवाया गया था

# बच्चों को हस्तलेखन और जोर-जोर से पढ़ने पर मिलेगा इनाम

हि विशेष

पटना, मुख्य संवाददाता। निजी स्कूल की तरह अब सरकारी स्कूल के बच्चों को हस्तलेखन (हैंडराइटिंग) का अभ्यास करवाया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें जो छात्र विजेता होंगे, उन्हें स्कूल स्तर पर इनाम भी मिलेगा। इतना ही नहीं जो छात्र अपने पाठ को जोर-जोर से पढ़ने में अव्वल होंगे, उन्हें भी इनाम मिलेगा।

पहली बार सरकारी स्कूलों के बच्चों की हैंडराइटिंग और पाठ पढ़ने के लिए इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसको लेकर राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिख कर सूचित किया गया है। इसका आयोजन एक से 12वीं तक के छात्रों के लिए होगा। हस्तलेखन प्रतियोगिता नौ नवंबर को तो पाठ प्रतियोगिता का आयोजन 23 नवंबर को किया जाएगा। प्रतियोगिता के दिन सभी छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य है। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल स्तर पर किया जाना है। प्रत्येक विद्यालय के प्रत्येक कक्षा के सभी छात्र इसमें शामिल होंगे। कक्षा वार इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।



" हर स्कूल को निर्देश दिया गया है। प्रतियोगिता के दिन सभी छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य की गयी है। इसके लिए स्कूल प्राचार्य को अभी से छात्रों को इसकी जानकारी देनी है।

-अमित कुमार, डीईओ पटना

- प्रतियोगिता के दिन स्कूलों में सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य
- हस्तलेखन प्रतियोगिता नौ तो पाठ प्रतियोगिता का आयोजन 23 नवंबर को

## बिहार के छात्र जोर-जोर से पढ़ने में अव्वल

हाल में आई एनसीईआरटी की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार बिहार के 60 फीसदी से अधिक छात्र जोर-जोर से पढ़ने और समझ कर पढ़ने में अन्य राज्यों से अव्वल हैं। इसको देखते हुए यह प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि वर्ष 2022 की गर्मी छुट्टी में स्कूल स्तर पर पाठ के सुधारने के लिए इसका अभ्यास भी करवाया गया था। एनसीईआरटी ने यह सर्वे वर्ष 2023 के जुलाई में की थी।

## मैट्रिक-इंटर परीक्षा में हैंडराइटिंग खराब होने से कट जाते हैं अंक

बिहार बोर्ड के अनुसार मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में कई बार ऐसा देखा गया है कि छात्रों का उत्तर ठीक होता है, लेकिन उनकी हैंडराइटिंग इतनी खराब होती है कि पढ़ने में नहीं आता और परीक्षक अंक काट लेते हैं। हर साल लगभग ऐसे 20 से 25 फीसदी छात्रों की अंक मैट्रिक और इंटर में इसलिए कट जाता है कि उनकी हैंडराइटिंग परीक्षक को समझ में नहीं आता है।

# सफल अध्यापक बनने के बताये गए गुर



व्याख्यान में शामिल ख्यातिप्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर ई. रमन सिधु व विद्यार्थी।

जगदीशपुर। प्रखंड के दुलार में इंटरनल क्वालिटी एश्युरेन्स (आइक्यूएसी) के अन्तर्गत माता मंझारी अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, अपराम कॉलेज, माता मंझारी अजब दयाल सिंह महाविद्यालय, बाबा हीरा सिंह दीप सिंह जी प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में मोटिवेशनल व्याख्यान का समापन शनिवार को हो गया। मुख्य अतिथि ख्यातिप्राप्त मोटिवेशनल स्पीकर ई. रमन सिधु ने व्यक्तित्व विकास, व्यवहार अभिवृति व स्वभाव विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर सभी महाविद्यालय के प्रचार्य, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आईक्यूएसी के अन्तर्गत लीडरशिप मैनेजमेंट को ले एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में उपस्थित लोग।

आरा (एसएनबी)। इंटर्नल क्वालिटी एश्युरेंस सेल (आईक्यूएसी) के अन्तर्गत लीडरशिप मैनेजमेंट का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, भोजपुर, अपसम कॉलेज ऑफ एडुकेशन भोजपुर, बाबा हीरा सिंह दीपा सिंह जी प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कोथुआ भोजपुर के सम्मिलित सहयोग से मैनेजमेंट लीडरशिप पर एकदिवसीय कार्यशाला का उदघाटन प्रसिद्ध मैनेजमेंट गुरु प्रकाश नंदा जी ने किया। इन्होंने अपने उद्‌बोधन में बताया कि जीवन मे सफल लीडरशिप मैनेजमेंट के लिए जिमेदारी स्वयं ले, कार्य की शुरुआत व समापन की योजना बनाएं। अपने आपको छोटे-छोटे विवादो से से बचाकर रखे।

अपनी गलतियों को स्वीकार को स्वीकार कर लें। अपने लिए समय निकालकर तनाव मुक्त रहे। शाश्वत मूल्यों के अनुसार जीवन के अनुसार जीवन व्यतीत करें। इसके साथ-साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखे अनावश्यक खाने-पीने की चीजों को बर्बाद न करने पर चर्चा की। अध्यक्षता प्रशिक्षण कॉलेजो के चेयरमैन डॉ. मधेश्वर सिंह ने किया। आपने बताया कि समय की पाबंदी, कठिन परिश्रम ज्ञान अर्जन से लीडरशिप मे निखार आता है। विख्यात शिक्षा शास्त्री डॉ. उमेश कुमार सिंह जी ने बताया कि गुरु यानी कि शिक्षक सबसे बड़ा मैनजमेंट लीडर होता है। जो व्यक्ति जीवन मे समझदारी, ईमानदारी, संवेदनशीलता से युक्त होता है। बेहतर मैनेजमेंट लीडरशिप का दायित्व निभा सकता है। इस कार्यशाला मे बी.एड. प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षिकाये उपस्थित रही। प्रचार्यगण एवं अध्यापक लोग भी अपनी सहभागिता दर्ज किये।

भाजपा ने जलाया पुतला

...क्षा 17 दिसंबर को | prabhatkhabar.com

# कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



गोष्ठी में उपस्थित छात्र – छात्राएं.

संवाददाता, आरा

इंटरनल क्वालिटी एशुरेंस सेल के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) का आयोजन माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज भोजपुर, अपसम कॉलेज भोजपुर, बाबा हीरा सिंह दीपा सिंह जी प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, भोजपुर, माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया.

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ मथेश्वर सिंह थे. इन्होंने टेली कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा बताया कि आज देश को देशभक्त नागरिकों की जरूरत है, एक शिक्षक समाज को नयी दिशा और दशा प्रदान करता है. वह छात्रों का बौद्धिक, नैतिक, मनोवैज्ञानिक, शारीरिक, सामाजिक चारित्रिक व संवेगात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. मुख्य वक्ता शिक्षाविद डॉ उमेश सिंह ने कहा कि आज की शिक्षा नीति नई पीढ़ी के लिए मिल का पत्थर साबित होगी. कोई भी बालक अब आगे बेरोजगार नहीं होगा.

अन्य वक्ताओं में डॉ सत्येंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ रामू पटेल, डॉ अनिरुद्ध शुक्ला, डॉ.हृदयराम, विनय कुमार सिंह, डॉ अजित, कमल आदि थे. प्रशिक्षुओं में नीतू कुमारी, विशाल कुमार, रिचा आर्या, दीपमाला, कंचन कुमारी, पूजा चौबे, तन्वी नारायणी, अमृता कुमारी, अंबरीश चौबे, राहुल आदि थे.



शिक्षा
का नहीं। झेलना पड़ेगा दश : आरा। के साथ अभिभावक भी पहुंचे थे। शेयर कर रहे थे। यूपी से आयी एक के लिए प

# टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुई कार्यशाला



दुलौर में माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज । • हिन्दुस्तान

जगदीशपुर। प्रखंड के दुलौर में माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गुरुवार को मेगा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कॉलेज कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् डॉ मधेश्वर सिंह ने अपने कॉलेजों माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, अपसम कॉलेज ऑफ एडुकेशन, बाबा हीरा सिंह दीपा सिंह जी प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज और माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन किया। आने वाले दिनों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास विषयों पर विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला के आयोजन किये जायेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष ने आईसीटी कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में विख्यात शिक्षाविद् डॉ० उमेश कुमार सिंह व महाविद्यालयों की प्रशासिका निर्मला सिंह सहित सभी विद्यालयों के प्राचार्य व शिक्षाक उपस्थित रहे।

# सेमेस्टर-2 व 4 के

**पीजी**

आरा, निज प्रतिनिधि। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित पीजी सेमेस्टर दो सत्र 2021-23 और सेमेस्टर चार सत्र 2020-22 की परीक्षा के प्रोग्राम में विवि ने संशोधन किया है। हालांकि परीक्षा की तिथि में कोई बदलाव नहीं किया है।

सेमेस्टर चार के प्रमोटेड विद्यार्थियों के हित को देखते हुए पीजी के बनाए गये विषय के ग्रुप में बदलाव किया गया है। ग्रुप के विषयों में बदलाव का कारण यह है कि पीजी सेमेस्टर चार के प्रमोटेड विद्यार्थी सेमेस्टर टू की परीक्षा में भी आसानी से शामिल हो सकें। हालांकि परीक्षा केंद्र ज्यो के त्यों ही है इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। इधर, परीक्षा नियंत्रक डॉ शिव परसन सिंह ने बताया कि परीक्षा पालियों में ली जायेगी। सेमेस्टर टू की परीक्षा को ले सभी केन्द्रों

विरि

आरा। सेमेस्ट नियंत्रव विवि सास केंद्र

पर द बता से नं चौ बत सें की स न इ

9 को परीक्षा

## बीपीएससी ने दूसरे चरण में जारी की रिक्तियां, पंजीकरण आज से

# शिक्षक भर्ती: 70 हजार पदों के लिए आवेदन 25 तक

पटना, वरीय संवाददाता। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के दूसरे चरण में कुल 70 हजार 622 पदों के लिए रिक्तियां शनिवार को जारी कर दी। शिक्षा विभाग से और रिक्तियां आने पर इसकी संख्या बढ़ सकती है। वहीं, अभ्यर्थी रविवार से पंजीयन शुरू कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 25 नवंबर है। परीक्षा सात से दस दिसंबर तक संभावित है। रिजल्ट 31 दिसंबर तक जारी होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान से दो माह के अंदर दूसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा कर लेने को कहा था। इसके बाद शिक्षा विभाग और आयोग ने युद्धस्तर पर काम कर दो दिन में ही नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी।

बीपीएससी के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने बताया कि सामान्य विद्यालयों के लिए 69706 रिक्तियां हैं। वहीं 916 पद पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के लिए है।

**07** से दस दिसंबर तक परीक्षा संभव

**31** दिसंबर तक रिजल्ट आएगा



पटना में शनिवार को दूसरे चरण की शिक्षक भर्ती की जानकारी देते आयोग के अध्यक्ष अतुल प्रसाद और सचिव रवि भूषण।

### 150 प्रश्न पूछे जाएंगे

आयोग के सचिव रवि भूषण ने बताया कि दूसरे चरण में कुछ बदलाव किए गए हैं। इस बार 120 की जगह 150 प्रश्न रहेंगे। ढाई घंटे का समय मिलेगा। इसमें भाषा से 30 प्रश्न होंगे। इनमें 22 हिन्दी व अंग्रेजी से आठ सवाल रहेंगे। भाषा के 30 अंकों में नौ अंक लाना अनिवार्य है।

### निगेटिव मार्किंग नहीं

बीपीएससी ने कहा है दूसरे चरण की परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं होगा। एक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये जाएंगे। अभ्यर्थियों को अपने विषय के संयोजन के अनुसार आवेदन करना होगा। इसमें गलती पर सुधार नहीं होगा। इस बार अपीयरिंग उम्मीदवारों को मौका नहीं दिया जाएगा।

**पहले चरण की तरह होगा पाठ्यक्रम:** आयोग ने स्पष्ट कर दिया है पहले चरण की परीक्षा की तरह दूसरे चरण का सिलेबस होगा। इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। सिलेबस एनसीईआरटी आधारित होगा। स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सवाल होंगे।

### शिक्षक के कहां कितने पद

| कक्षा | पद |
|---|---|
| 6-8 | 31982 |
| 9-10 | 18877 |
| 9-10 विशेष स्कूल | 270 |
| 11-12 | 18577 |
| **पिछड़ा अतिपिछड़ा विभाग के तहत** | |
| 6-8 | 234 |
| 9-10 | 248 |
| 11-12 | 403 |
| प्रधानाध्यापक | 31 |

### ढाई घंटे की परीक्षा

- एक ही पाली में परीक्षा होगी
- भाषा 30 अंक, सामन्य अध्ययन 40 अंक और विषय 80 अंकों का
- पंजीयन पांच से 14 नवंबर तक
- विलम्ब शुल्क से निबंधन 17 तक
- ऑनलाइन आवेदन 10 से 25 तक
- 7 से दस दिसंबर तक परीक्षा संभव
- तीन चरणों में अभ्यर्थी के सर्टिफिकेट जांच की जाएगी

की परीक्षा
हीं दिखी।

# समाज को नई दिशा देते हैं शिक्षक : डॉ मधेश्वर



राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित संगोष्ठी में मौजूद प्रशिक्षु।

आरा। आईक्यूएसी के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति ( 2020 ) पर माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज भोजपुर, अपसम कॉलेज भोजपुर, बाबा हीरा सिंह, दीपा सिंह जी प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज भोजपुर, माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी की गई।

मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉ. मधेश्वर सिंह ने टेली कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बताया कि आज देश को देशभक्त नागरिकों की जरूरत है। एक शिक्षक समाज को नई दिशा और दशा प्रदान करता है। वह छात्रों का बौद्धिक, नैतिक, मनोवैज्ञानिक, शारीरिक, सामाजिक चारित्रिक व संवेगात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्य वक्ता प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. उमेश सिंह ने कहा कि आज की शिक्षा नीति नई पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कोई भी बालक अब आगे बेरोजगार नहीं होगा। अन्य वक्ताओं में डॉ. सत्येन्द्र कुमार उपाध्याय व डॉ. रामू पटेल , डॉ. अनिरुद्ध शुक्ला, डॉ.ह्रदयराम , विनय कुमार सिंह, डॉ. अजित सर, कमल जी ने विचार रखे। प्रशिक्षुओं में नीतू कुमारी, विशाल कुमार, रिचा आर्या, दीपमाला, कंचन कुमारी, पूजा चौबे, तन्वी नारायणी, अमृता कुमारी, अंबरीश चौबे, राहुल ने सहभागिता की है।

# डीके कारमेल ग्रुप का मेगा कार्यशाला संपन्न

आरा (एसएनबी)। माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, दुलौर, जगदीशपुर, भोजपुर, बिहार के कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद डॉ. मधेश्वर सिंह जी ने अपने सभी महाविद्यालयों तथा माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, अपसम कॉलेज ऑफ एडुकेशन, बाबा हीरा सिंह दीपा सिंह जी प्राइमरी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज तथा माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु आज मेगा कार्यशाला का उद्घाटन किया गया, जिसके अंतर्गत छात्रों को आने वाले दिन मे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेकानेक कौशल विकास विषयों पर कार्यशाला के आयोजन किये जायेंगे, जिसमे इंटर्नल क्वालिटी एशुरेन्स सेल के अंतर्गत प्रमुख कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020। सूचना एवं संचार प्रोद्यौगिकी (आईसीटी) का शिक्षा मे प्रयोग सम्प्रेषण कौशल, योग प्रशिक्षण इत्यादि शामिल है। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय द्वारा आईसीटी कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे डॉ. उमेश कुमार सिंह एवं महाविद्यालयों की प्रशासिका श्रीमती निर्मला सिंह सहित सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकवृन्द उपस्थित रहे। डॉ. यू.के. सिंह के द्वारा अध्यक्ष को इस कार्यशाला के आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा कार्यशाला की सफलता हेतु प्रेरित किया गया।



# पीएनबी का डिजिटल रथ हुआ रवाना

आरा (एसएनबी)। पंजाब नैशनल बैंक मण्डल कार्यालय आरा द्वारा

# कबड्डी अंडर17 बालिका में केसपा विजेता



# खेलकूद से होता है जीवन में प्रतिस्पर्द्धा की भावना का विकास : डॉ मधेश्वर

## डीके कारमेल ग्रुप का स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का समापन

आरा (एसएनबी)। माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, दुलौर, जगदीशपुर, अपसम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, उत्तरवारी जंगल जगदीशपुर, बाबा हीरा सिंह सिंह जी प्राइमरी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज



पुरस्कृत करते अतिथि।

कोथुआ, पिरो, भोजपुर, माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय, जगदीशपुर के संयुक्त रूप से हुए स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का समापन समारोह आज माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, दुलौर, जगदीशपुर के मैदान पर हुआ। मुख्य अतिथि सभी संस्थानों के अध्यक्ष डॉ0 मधेश्वर सिंह कहा कि खेल मे अनुशासन, समर्पण व लगन होनी चाहिए। खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। वह अपने भावी जीवन मे कलाकार, प्रशासक, शिक्षक, राजनेता इत्यादि पदों पर आसीन रहेंगे। विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।

कबड्डी खेल प्रतियोगिता मे बालिका वर्ग मे माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय तथा बालक वर्ग मे माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय विजयी रहे। उपविजेता मे माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की टीम रही। वॉलीबॉल मे माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय विजयी रहा। बैडमिंटन मे बालक तथा बालिका वर्ग मे माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज विजेता रही। शॉटपुट मे माता मंझारो दयाल सिंह के बालक वर्ग मे प्रिंस कुमार राय प्रथम स्थान पर रहे तथा चंदन कुमार (बीएड कॉलेज) तथा कन्हैया कुमार (अपसम कॉलेज) द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग मे पुष्पा कुमारी प्रथम, गायत्री कुमारी द्वितीय, मंजू कुमारी तृतीय स्थान पर रहे। खो-खो प्रतियोगिता मे विजेता टीम बालिका वर्ग मे माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज रहा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालो मे रजनीकांत, नारायण शर्मा, मयंक राज, आदित्य कुमार, श्रुति कुमारी, मंजू, संध्या, रमेश कुमार इत्यादि रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ0 उमेश कुमार सिंह तथा प्रशासिका निर्मला सिंह सहित सभी महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं थी।

दिखायेंगे।

# खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है: डॉ मधेश्वर



दुलौर में स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के समापन समारोह में रविवार को विजेताओं को पुरस्कृत करते डॉ मधेश्वर सिंह।

जगदीशपुर। माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज दुलौर, जगदीशपुर, अपसम कॉलेज ऑफ एजुकेशन उत्तरवारी जंगल जगदीशपुर, बाबा हीरा सिंह सिंह जी प्राइमरी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज कोथुआ पीरो और माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय जगदीशपुर के संयुक्त रूप से हुए स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का समापन रविवार को माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज दुलौर के मैदान पर हुआ।

मुख्य अतिथि सभी संस्थानों के अध्यक्ष डॉ मधेश्वर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। कबड्डी बालिका वर्ग में माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय व बालक वर्ग में माता मंझारो अजब दयाल सिंह महाविद्यालय विजयी रहे। उपविजेता में माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की टीम रही। वॉलीबॉल टीम में माता मंझारो अजब दयाल सिंह कॉलेज विजयी रहा। बैडमिंटन बालक व बालिका वर्ग में माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज विजेता रही। शॉटपुट में माता मंझारो अजब दयाल सिंह कॉलेज के बालक वर्ग में प्रिंस कुमार राय प्रथम रहे।

...तियोगिता के अंतिम दिन रविवार को कई खेलों का आयोजन हुआ

उच्च ... में रहकर पूरा ... का श्रेय माता राज... अधिवक्ता अशोक ओझा और अनिल ओझा को दिया है।

... बवरी से सुजाता करने के बाद परीक्षा की तैयारी में लग गयी और तीसरे प्रयास में वह रैंक हासिल करने में कामयाब हो पायी।

... अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को दिया है।

# वीकेएसयू ने कॉलेजों से मांगी शिक्षकों की जानकारी

**सेवा पुस्तिका की मांगी गयी अद्यतन संधारित रिपोर्ट**

कुलसचिव ने बताया कि शिक्षा विभाग ने कॉलेज और पीजी विभाग में नियुक्त शिक्षक और कर्मियों की सेवा पुस्तिका को अद्यतन संधारित करते हुए इसकी रिपोर्ट मांगी है। साथ ही विद्यार्थियों की कुल उपस्थिति सहित अन्य जानकारी कॉलेज प्रतिदिन भेजेंगे।

आरा, निज प्रतिनिधि। बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की निदेशक डॉ रेखा कुमारी के निर्देश के आलोक में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने सभी अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों और पीजी विभागाध्यक्षों से विषयवार शिक्षकों के स्वीकृत पद, कार्यरत और रिक्त पदों की जानकारी मांगी है।

कुलसचिव डॉ रणविजय कुमार ने बताया कि कॉलेज में संचालित सभी विषयों में शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं और उस पद के विरुद्ध कितने नियमित और अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं, की जानकारी मांगी गयी है। कॉलेज यह भी सूचित करेंगे कि किस विषय में शिक्षकों की कमी के कारण वर्ग संचालन बाधित हो रहा है। बता दें कि इन तमाम बिंदुओं पर 24 घंटे में जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया था, लेकिन कुछ ही कॉलेज रिपोर्ट भेज सके हैं। बताया जाता है कि जानकारी मांगे जाने के पीछे सरकार के कई उद्देश्य हैं। एक उद्देश्य यह है कि शिक्षकों की कमी से कॉलेजों का पठन- पाठन का कार्य प्रभावित न हो। जानकारों की मानें तो अंगीभूत कॉलेजों के वैसे विभाग जहां शिक्षकों की कमी है, वहां के विभाग को नजदीक के कॉलेज से टैग किया जायेगा। इसके बाद वहां के शिक्षक उस कॉलेज में जाकर क्लास भी लेंगे।

वहीं विवि शिक्षकों की कमी के लिए अतिथि शिक्षक भी नियुक्त किये जायेंगे। इससे संबंधित गाइड लाइन बीते गुरुवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ कुलसचिव की हुई बैठक में जारी की गयी है। शिक्षा विभाग ने वर्ग में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने व नियमित क्लास संचालन पर जोर देते हुए विवि के कुलसचिव को कॉलेजों का निरीक्षण कराने का फरमान जारी किया है। वहीं कॉलेज आने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति रिपोर्ट भेजने, लगातार अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों का नाम काटने, शिक्षकों की उपस्थिति पांच घंटे सुनिश्चित करने, विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने पर दो शिफ्ट में पढ़ाई कराने का निर्देश जारी किया गया है।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

# छात्र जीवन में माता-पिता व शिक्षक के महत्व पर सेमीनार



छात्र जीवन में माता-पिता तथा शिक्षक शीर्षक पर अपना विचार व्यक्त करते मधेश्वर सिंह

जागरण संवाददाता, आरा : माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कालेज तथा अलमा कालेज आफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'छात्र जीवन में माता-पिता तथा शिक्षक' शीर्षक के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन कालेज के चेयरमैन मधेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अन्नू, कंचन एवं प्रियंका द्वारा देवी गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कालेजों के प्रबंधक प्रो. लाल बहादुर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्रों को माता-पिता की सेवा के लिए प्रेरित किया। माता-पिता के महत्व को रेखांकित करते हुए सीमा कुमारी और ममता कुमारी द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन भाषण में कालेज के चेयरमैन मधेश्वर सिंह ने माता-पिता का दिल जीतने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मां अपने पर हर कष्ट सहकर भी बच्चों का पालन पोषण तक करती है लेकिन एक मां को पालने के लिए चार बच्चों में से एक भी तैयार नहीं रहता है। एक मां वो है जो बच्चों के इच्छा पूर्ति हेतु प्रयत्नशील रहती है लेकिन बच्चे नहीं। वहीं गुंजन कुमार, निरंजन कुमार, स्वाती कुमारी, जयंत कुमार आदि छात्र-छात्राओं ने भी इस विषय के महत्व पर अपने विचार रखे। मंच संचालन सुषमा कुमारी तथा समर कलाम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. सुशील कुमार सिंह ने दिया। इस अवसर पर प्रो. सुनीता कुमारी, संजय राय, प्रभा शंकर आदि उपस्थित थे।

प्रभात खबर

# माता-पिता का दिल जीतने के लिए छात्रों को प्रेरित करें : मधेश्वर सिंह

- छात्र जीवन में माता-पिता व शिक्षक विषयक सेमिनार



सेमिनार को संबोधित करते चेयरमैन मधेश्वर सिंह — फोटो। प्रभात खबर


आरा. माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज तथा अलमा कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा छात्र जीवन में माता-पिता तथा शिक्षक विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन चेयरमैन मधेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रबंधक प्रो लाल बहादुर सिंह ने छात्राओं को माता-पिता की सेवा के लिए प्रेरित किया. माता पिता के महत्व को रेखांकित करते हुए सीमा कुमारी व ममता कुमारी द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया.

चेयरमैन मधेश्वर सिंह ने अपने संबोधन में माता-पिता का दिल जीतने के लिए छात्रों को प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि मां अपने को बेच कर भी बच्चों का पालन-पोषण तक करती है, लेकिन एक मां को पालने के लिए चार बच्चों में से एक भी तैयार नहीं रहता है. एक मां वो है, जो बच्चों के इच्छा पूर्ति हेतु प्रयत्नशील रहती है, लेकिन बच्चे नहीं. उन्होंने कहा कि आप हमेशा ध्यान रखें कि आप गुरु नहीं शिक्षक है, जो बच्चों को सदाचार तथा कर्तव्य सिद्ध बनाते हैं. छात्र गुंजन कुमार, निरंजन कुमार, स्वाती कुमारी, जयंत कुमार आदि छात्र-छात्राओं ने भी इस विषय पर अपने विचार रखे. वहीं अन्नू, कंचन तथा प्रियंका द्वारा देवी गीत प्रस्तुत किया गया. मंच संचालन सुषमा कुमारी तथा समर कलाम एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो सुशील कुमार सिंह ने किया. कार्यक्रम में लाल बहादुर सिंह, प्रो सुनीता कुमारी, संजय राय, प्रभा शंकर आदि उपस्थित थे.

प्रभात खबर \ फीरो-विहिया

# ऐसे आयोजन से छात्रों का होता है सर्वांगीण विकास

# की अंतरात्मा: किरकिरे



# राष्ट्रीय सेमिनार में जुटेंगे दर्जनों शिक्षाविद: डा. मनोरमा

## सेमिनार के सफल आयोजन के लिए ६ कमिटियाँ गठित



# सेमिनार से होगा छात्रों का समग्र विकास : मधेश्वर



सेमिनार का उद्घाटन करते निदेशक

जागरण संवाददाता, आरा : शनिवार को महाराजा अजय दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कालेज दुलौर एवं आसाम कालेज आफ एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के चेयरमैन मधेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्वागत गान प्रियंका, रूपा और संध्या ने गाई। संस्था के चेयरमैन मधेश्वर सिंह ने कहा कि सेमिनार से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। महाविद्यालय स्तर पर हर माह सेमिनार आयोजित किए जाते हैं, परंतु इस बार 7 और 9 मई को राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आगरा से डा.महेश भार्गव, प्रो.शमशाद हुसैन, गोंडवाना विवि के प्रो.पी.एस.त्रिपाठी, सिरसा से डा.एस.बी. शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय से रितु अग्रवाल, जबलपुर से डा.रेनु पाण्डेय, डा.राज कुमार रंजन, श्रीमती लक्ष्मी शर्मा, डा.परवीन सुल्ताना, मौ.सरवर जहान जैसे विद्वान शिरकत करेंगे। इस अवसर पर प्रो.सुशील कुमार सिंह, प्रो.सुनील कुमार यादव आदि ने संबोधित किया। संचालन विनिता पाण्डेय ने किया। सेमिनार को सफल बनाने के लिए कई कमेटियां गठित की गई हैं। जिसमें सांस्कृतिक कमेटी, अनुशासन समिति, रजिस्ट्रेशन समिति, सूचना एवं पुस्तक समिति, साज-सज्जा समिति, भोजन समिति शामिल हैं।

• पटना • सोमवार • 20 अप्रैल 2015 हिन्दुस्तान

# आरा में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन आठ को

आरा। दुलौर स्थित माता जलेश्वरी अजय दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज व असम कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा कार्यशाला व सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के चेयरमैन मधेश्वर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रियंका व आभा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

चेयरमैन ने कहा की सेमिनार से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। 7 व 8 मई को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। जिसका विषय ह्यूमन राइट्स एजुकेशन इन टीचर्स एजुकेशन एंड कास्ट बेस्ड सोसाइटी है।

सेमिनार में आगरा के डा.महेश भार्गव, पूर्व कुलपति प्रो.शमशाद हुसैन, गोंडवाना विश्वविद्यालय के प्रो.पी.एस. त्रिपाठी, सिरसा के डा.एस.बी.शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय की रितु अग्रवाल सहित पूरे देश के विभिन्न विश्वविद्यालय के विद्वान शिरकत करेंगे। संचालन छात्रा विनिता पाण्डेय व धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक लाल बहादुर सिंह ने किया।

**समर कैंप के आयोजन को ले बैठक**

आरा। आर.एस.डी.पी. मैट्रिक एंड प्लस टू स्कूल में एक बैठक का आयोजन किया गया। समर कैंप को ले चर्चा हुई। इस अभियान के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के हर क्षेत्र में जागरूक करने का अभियान चलाया जाएगा। गरीब व निरक्षर बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। समर कैंप में डांस, म्यूजिक, पेंटिंग सहित अन्य प्रशिक्षण दिया जाएगा।

04

# जगानी होगी सीखने वालों की अंतरात्मा: किरविरे






VE A DREAM. WE HAVE A VISION
OF A VISION 2025 UNI

# जगानी होगी सीखने वालों की अंतरात्मा: किरकिरे



03 हिन्दुस्तान

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन, कार्यशाला का आयोजन

# शिक्षा में सुधार के लिए बदलाव की जरूरत : डा. भार्गव

**बीएड कॉलेज में कार्यक्रम**

- सेमिनार में विद्वानों ने शिक्षा में सुधार के दिए सुझाव
- चेयरमैन जयेश्वर सिंह ने किया अतिथियों को सम्मानित






माता मंझारी अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज व आरकम कॉलेज ऑफ एजुकेशन




भोजपुर जागरण 8 मई 2015

# शिक्षा के प्रति रहें विशेष सतर्क

- दो दिवसीय सेमिनार सह कार्यशाला का शुभारंभ
- बी.एड कॉलेज के विकास को दिए कई सुझाव



हिन्दुस्तान
पटना • रविवार • 29 नवम्बर 2015





# विकास के लिए शुद्ध वातावरण जरूरी : मधेश्वर

आरा | संवाद सूत्र

## सेमिनार

- पर्यावरण विषय पर आयोजित सेमिनार में वक्ताओं ने पौधरोपण का दिलाया संकल्प
- कॉलेज की छात्राओं ने प्रस्तुत किया देवी गीत व नृत्य का कार्यक्रम

माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज दुलौर व अप्सम कॉलेज ऑफ एडुकेशन उतरवारी जंगल जगदीशपुर के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार पर्यावरण विषय पर आयोजित था। कार्मेल ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशन के अध्यक्ष मधेश्वर सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सेमिनार का उद्घाटन किया गया।

सबसे पहले डी.के कारमेल रेसिडेन्सियल हाईस्कूल जीरो माइल की स्वीटी, रौली, आशिता, अमृता, प्रियंका, श्रुति, अश्वनी, अंजली द्वारा देवी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय की छात्रा एंड निलिमा द्वारा कॉलेज की ओर से बुके देकर अध्यक्ष मधेश्वर सिंह को सम्मानित किया गया। अपने स्वागत भाषण में संस्थान के चेयरमैन मधेश्वर सिंह द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया गया। सिंह ने बताया कि आज वातावरण दूषित हो रहा है, जिसके कारण प्रदूषण फैल रहा है। प्रदूषण ने चलते कई रोग से लोग ग्रसित है। इसे फैल रहे प्रदूषण को समाप्त करने के लिए पेड़-पौधे को लगाना आवश्यक है। मनुष्य का विकास तभी होगा जब वातावरण शुद्ध होगा। इसके लिए हमें आगे आना होगा। श्री सिंह ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अच्छे अंकों से सफल होने पर बधाई दी है। कॉलेज की टॉपर रूबी सिंह ने विश्वविद्यालय ही नहीं अपितु भारत में रिकॉर्ड बनाया है। इसके बाद एक छात्रा द्वारा पर्यावरण पर गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्रशासिका निर्मला सिंह, मेजर राणा प्रताप सिंह, प्रो. अमीर सिंह, प्रो. कृष्णकांत सिंह, प्रो. अरविंद सिंह, प्रो. संगीता कुमारी, प्रो. पनधारी लाल सहित कई लोग थे। संचालन प्रबंधक प्रो. लाल बहादुर सिंह ने किया।




जगदीशुपर के दुलौर स्थित बीएड कॉलेज में शनिवार को आयोजित सेमिनार को संबोधित करते चेयरमैन मधेश्वर सिंह । • हिन्दुस्तान

**पौधरोपण व हेल्थ चेकअप का भी हुआ आयोजन :** लायन्स क्लब आरा मेलेनियम के द्वारा बीएड कॉलेज में हेल्थ चेकअप कैम्प और पौधरोपण का भी आयोजन किया गया। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बीएड कॉलेज के कैम्पस में नौ सौ पौधे लगाये गये। मुख्य अतिथि के रूप में लायन डा. विनोद सिंह थे, जिन्होंने आम का पेड़ लगाकर पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही स्कूल व कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को मुफ्त में मेडिकल चेकअप किया गया और दवाइयां बांटी गई। जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टरों ने भी हेल्थ चेकअप में अपना सहयोग प्रदान किया। लायन्स क्लब के जोन चेयर पर्सन मधेश्वर सिंह, अध्यक्ष अलख नारायण दास, मेजर राणा प्रताप सिंह, डा. रामकृष्णा, डा. केएन सिन्हा, डा. विजय कुमार गुप्ता, डा. कुणाल आलोक जैन व अखिलेश सहित कई लोग थे।

## एक नजर

**[illegible]**

[illegible]

**विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी**

[illegible]

**क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन**

[illegible]

**गिरफ्तार**

जगदीशपुर (भोजपुर): [illegible]



गोष्ठी को संबोधित करते चेयरमैन मनोरंजन सिंह — जागरण

# अन्य राज्यों की तुलना में सूबे में बीएड कालेज कम

**जागरण संवाददाता, आरा :** माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, दुलौर, जगदीशपुर व अपमम कालेज आफ एजुकेशन दुलौर जगदीशपुर के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में संस्थान के चेयरमैन मनोरंजन सिंह ने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में बिहार और झारखंड में बीएड कालेजों की संख्या काफी कम है। उन्होंने देशभर में संचालित बीएड कालेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा का सबसे पहला अर्थ नयी चीज को सीखने की प्रवृत्ति को विकसित करना है। जो बच्चों को जो बताती है, वह शिक्षा है। उन्होंने सूबे में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत कालेज के प्रबंधक डा. लाल बहादुर सिंह व संचालन छात्रा सुप्रिया ने किया। मौके पर शैलेन्द्र कुमार, अजय कुमार गुप्ता, अजीत कुमार, पंकज कुमार सिंह, प्रियंका, पूनम, दीपा, [illegible], अमित, रीनू सिंह उपस्थित थे।

**पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह**

**संवाद सूत्र, बिहिया (भोजपुर) :** नवोदय विद्यालय बिहिया में सोमवार को विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य जे.पी. पांडेय ने किया। समारोह में शामिल पूर्ववर्ती छात्रों में हर क्षेत्र के लोग थे। डाक्टर, प्रोफेसर, इंजीनियर, पत्रकार, बैंक मैनेजर, सेल्सटैक्स अधिकारी तक। इस अवसर पर सभी ने अपने छात्र जीवन तथा वर्तमान जिंदगी के अनुभव को साझा किया। पूर्ववर्ती छात्रों ने विद्यालय दिवस का स्मरण किया तथा वर्तमान छात्रों को सफलता के गुर सिखाये तथा अगले साल इस कार्यक्रम को बेहतर तरीके से आयोजित करने का संकल्प लिया। समारोह कार्यक्रम में डा. सुमित, डा. अभिनीत, इंजीनियर पवन कुमार, अवनीश प्रसाद, बैंक पीओ देवेंद्री, सेल टैक्स अधिकारी अंजू, राजेश, सुनील, डा. नंद किशोर, डा. [illegible] सहित 50 पूर्ववर्ती छात्रों ने भाग लिया। मौके पर विद्यालय शिक्षक एन.के. मिश्रा, विजय कुमार, उप प्राचार्य आर.एन. प्रसाद मौजूद थे।

... [illegible] के द्वारा प्राप्त ज्ञान ... अंकित होगी। चेयरमैन श्री सिंह ने लगभग दो सौ छात्र-छात्राओं ... महाविद्यालयों ... ग्रुप आफ [illegible] ... श्रीमती निर्मला सिंह ... में उपस्थित थी। इस ... महाविद्यालय की ... संगीत का ... प्रस्तुत किया।



# टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में सेमिनार

**संवाददाता, आरा**

माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज दुलौर, जगदीशपुर में सेमिनार का आयोजन किया गया है, जिसका विषय बिहार एवं झारखंड में शिक्षा एवं शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की आवश्यकता रखा गया.

सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में चेयर मैन मनोरंजन सिंह, प्राचार्या निर्मला उपस्थित रहीं. वीर कुंवर सिंह विवि आरा का यह अग्रणी बीएड कॉलेज है [illegible] प्रत्येक माह सेमिनार का आयोजन किया जाता है, साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को सेमिनार के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाती है. विदित हो कि अपमम कॉलेज ऑफ एजुकेशन जगदीशपुर एवं मातामंझारो अजब दयाल सिंह के छात्र-छात्रा शैक्षिक माहौल में सिलेबस के अनुसार ट्रेनिंग कर जानकारी प्राप्त कर रहे हैं.

एनसीटीइ के मानक पर खरा उतरने वाला यह ट्रेनिंग कॉलेज अपने छात्रों को सदैव परिभ्रमण करा कर सिलेबस की तैयारी कराते रहते हैं. संस्थान के चेयर मैन मनोरंजन सिंह द्वारा महाविद्यालय में अपनी टीम को बीएड कॉलेज द्वारा स्वागत के दौरान [illegible] की भी [illegible] की गयी है.



... ने की ... ने टीचिंग प्रैक्टिस के ... से चर्चा की. ... स्वागत भाषण और ... प्रबंधक लालबहादुर सिं... संचालन छात्रा सुप्रिया ने कि... ने किया.

हिन्दुस्तान पटना • मंगलवार • 11 मार्च 2014 04

# समाज को बेहतर शिक्षक की जरूरत

आरा | निज संवाददाता

जगदीशपुर प्रखंड के दुलौर गांव स्थित माता मंझारो अजब दयाल सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बिहार और झारखंड में शिक्षा व शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की आवश्यकता पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का आयोजन अपसम कॉलेज ऑफ एजुकेशन उतरी जंगल व माता मंझारो अजब दयाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संस्थान के चेयरमैन मधेश्वर सिंह ने कहा कि बेहतर शिक्षक बनने के लिए समय की पहचान करनी होगी। उन्होंने शिक्षा के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि बिहार व झारखंड शिक्षा के क्षेत्र में अभी भी पिछड़े हुये हैं। दोनों राज्यों में शिक्षक प्रशिक्षण संस्था और बेहतर शिक्षकों की आवश्यकता है। उन्होंने दोनों राज्यों में स्थित प्रशिक्षण केन्द्रों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कहा कि रोज नयी-नयी चीजों को सीखने का सही अर्थ शिक्षा है। सेमिनार का संचालन अपसम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की छात्रा सुप्रिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्रबंधक लाल बहादुर सिंह ने किया। छात्र शैलेन्द्र कुमार, अजय कुमार गुप्ता, अजीत कुमार, राकेश सिंह, अमित कुमार अमन, रीतु सिंह, प्रियंका, नैन्सी, पूनम, रीना, प्रतिभा थे।



दुलौर गांव में सोमवार को आयोजित सेमिनार में मौजूद शिक्षाविद । • हिन्दुस्तान

**आयोजन**

- शिक्षा व शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज की आवश्यकता पर सेमिनार
- बोले वक्ता, रोज नयी-नयी चीजों को सीखने का सही अर्थ है शिक्षा

---

...त करते मधेश्वर सिंह व अन्य

जागरण

# ...-प्रशिक्षण की दी जानकारियां

**• वर्मा कमीशन की रिपोर्ट को शीघ्र करें लागू : मधेश्वर**

